पंजाब केसरी 11/10/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में कौशल और रोजगार क्षमता बढ़ाने पर हुआ करियर सैशन

अम्बाला, 10 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के निर्देशानुसार वीरवार को मैनेजमैंट विभाग, कम्प्यूटर एप्लीकेशन और करियर काउंसलिंग एंड गाइडैंस सैल ने स्किल लैब्स के सहयोग से प्रतिस्पर्धा से भरे इस युग में कौशल और रोजगार क्षमता बढ़ाने पर करियर सैशन का आयोजन किया।

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित करियर सैशन में भाग लेते विद्यार्थी और वक्ता। (देवदत्त)

सत्र की शुरुआत बी.बी.ए. तृतीय वर्ष की श्रेया और कल्पना ने स्वागत भाषण एवं पुष्पांजलि के साथ की। इसके बाद डा. हिमेश शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए नए युग के कौशल सीखने के लिए 4-डी कौशल मैट्रिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों के लिए करियर योजनाओं को आगे बढ़ाने और कार्यस्थल पर सफलता प्राप्त करने के लिए रोजगार कौशल के महत्व और भूमिका पर भी जोर दिया।

इसके अलावा उन्होंने डिजिटल मार्कीटिंग प्लेटफॉर्म और इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में डिजिटल अवसर कैसे बनाएं, विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम में डा. के.के. पुनिया, डा. अनुराधा, डा. प्रभलीन कौर, डा. उपिंदर कौर, डा. अमिता और बी.बी.ए., बी.सी.ए. एवं बी.कॉम के 80 छात्रों ने भाग लिया।